Raga of the Month April 2026

The unique variants of Raga Bhatiyar

राग भटियार के अनूठे रंग

भटियार, भटिहार, भटियारी, भटियाली आदि नामोंसे सम्बोधित किया जाने वाला यह एक प्राचीन राग है। यद्यपि इस राग में परिवर्तन होता आया है, उसका आज का प्रचलित स्वरूप इस प्रकार है। कोमल रिषभ, दोनों मध्यम, पंचम और ग,ध,नि शुद्ध। वादी मध्यम और संवादी षडज सर्वमान्य है। गान समय रात्रि का अंतिम प्रहर है। यह एक संधि प्रकाश राग है और एक परमेल प्रवेशक राग भी है, जो मारवा थाटसे शुद्ध रिषभ - धैवत वर्ग के बिलावल आदि थाटों के रागों का समय आरंभ होना सूचित करता है।

इस राग के प्रमुख स्वर वाक्य इस प्रकार है - सा म, म प, प, ग, रे सा; म प ग, मं ध सां, रें नि प, ध नि प, ध म, म ध प, ध प म, म प ग, प ग रे सा; सा ध , ध प , म प ध नि प, म प ग, प ग रे सा.

राग भटियार की मूल कल्पना पर आधारित कुछ प्रकार आजकल सुननेमे आते हैं; जैसे पंडित भीमसेन जोशीजी का ललित भटियार, पंडित कुमार गंधर्वजी का सोहनी भटियार ; आदि। मगर ऐसे कई अल्प-प्रचलित प्रकार हैं जो क्वचितही सुननेमें आते हैं - उनका संक्षिप्त परिचय नीचे दिया हुआ है और उन्ही रागोंके गायनके अंश हम सुनेंगे।

भटियारी भैरव - राग भटियार के ही स्वरों से बना हुआ यह प्रकार पंडित रामाश्रेय झा जी ने प्रस्तुत किया है;

खम्माजी भटियार- इसमें निषाद कोमल बाकी सब स्वर शुद्ध लगते हैं , पंडित आनंदराव लिमये बुवा* ने इस राग का नमूना गाया है;

सावनी भटियार- इस रागमें रिषभ कोमल बाकी सब स्वर शुद्ध लगते हैं, इस राग का स्वरूप पंडित आनंदराव लिमये बुवा से सुनेंगे;

भैरव भटियार- कोमल रिषभ और दोनों धैवत, यह राग गुणीदास पंडित जगन्नाथबुवा पुरोहितजी की निर्मिती है और उन्हीने गाया है;

शुद्ध भटियार- सभी शुद्ध स्वर लगने वाला यह प्रकार प्रोफेसर बी आर देवधर जी ने प्रस्तुत किया है।

सोहनी भटियार- पंडित कुमार गंधर्व जी ने गाये हुए स्वरोंमेंही एक अलग स्वरूप मास्तर कृष्णराव फुलंब्रीकर जी ने प्रस्तुत किया है;

* कोल्हापुर के आनंदराव लिमये (लिमयेबुवा) अतरौली-जयपुर घराने के विख्यात गायक थे। उन्होंने उस्ताद अल्लादिया खाँ के प्रत्यक्ष शिष्य पंडित गोविंदराव शालिग्राम से प्रशिक्षण प्राप्त किया था। वे एक कुशल संगीतकार थे और अनवट राग सादर करनेमें निपुण थे।

आभार - पंडित यशवंत महाले, श्री श्रीकांत डिग्रजकर, कोल्हापूर

01-04 -2026.

Link to the list of 180+ "Raga of the month" articles

@ **Archive of ROTM Articles** https://oceanofragas.com/Raga_Of_Month_Alphabetically.aspx